अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस

[स्रोत: ICD](#)

वर्ष 2010 से प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को [अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस](#) के रूप में मनाया जाता है। यह दिन चीता की विलुप्ति को रोकने तथा इसके संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वैश्विक प्रयासों को महत्त्व देने को समर्पित है।

- अमेरिका की प्राणी विज्ञानी **डॉ. लॉरी मार्कर (जो वर्ष 1991 में** *???? ????????? ????* की संस्थापक थीं) ने इस दिन को *???????* नामक चीते (जिसे उन्होंने पाला था) के सम्मान में नामित किया।
- **चीता:**
  - चीता *(??????????? ???????) ??????? ???????* का हिस्सा है और **सबसे पुरानी बड़ी बिल्ली प्रजातियों में से एक है,** जिनका इतिहास **5 मिलियन वर्ष पूर्व के मायोसीन युग** (भू-वैज्ञानिक काल 23.03 से 5.333 मिलियन वर्ष पूर्व) से संबंधित है।
  - ये विश्व **में सबसे तीव्रता से गमन करने वाले स्थलीय स्तनधारी (जो अफ्रीका** और **एशिया** के कुछ हिस्सों में पाए जाते हैं) हैं।
  - **ये अफ्रीका में अपने ऐतिहासिक क्षेत्र के 75%** से अधिक भाग से लुप्त हो चुके हैं तथा पिछले दो दशकों में इनकी संख्या में 30% से भी अधिक की गिरावट आई है।
  - **विश्व स्तर पर नामीबिया में सबसे अधिक** चीता हैं।
  - [चीता स्थानांतरण परियोजना](#) के तहत वर्ष 2022 और 2023 में **नामीबिया तथा दक्षिण अफ्रीका** से चीतों को **भारत** लाया गया।

और पढ़ें: [प्रोजेक्ट चीता का एक वर्ष](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-cheetah-day-1